**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 4150**

**13 दिसंबर, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**ओडिशा में कपास किसानों हेतु कताई मिलें**

**4150. श्रीमती मंजूलता मंडलः**

**क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि**

(क) ओडिशा राज्य में कपास किसानों के हितार्थ आधुनिक कताई मिलों की स्थापना में आवश्यक सहायता प्रदान करने हेतु क्या कदम उठाए जाने वाले हैं?

**उत्तर**

**वस्त्र मंत्री**

**(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)**

**(क):** सरकार देश के किसी भी भाग में कताई कारखानों सहित किसी वस्त्र उद्योग की स्थापना करने के लिए निधियां आवंटित नहीं करती है। तथापि, सरकार ने प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना के अंतर्गत कताई कारखानों को प्रौद्योगिकी उन्नयन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की है। इसके अलावा कपास किसानों के हितों की रक्षा करने और उन्हें उनके उत्पादन का लाभकारी मूल्य प्रदान करने के लिए सरकार ने कपास के मूल्य एमएसपी स्तर तक पहुंचाने पर सभी कपास उत्पादक राज्यों में बीज कपास के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) अभियान चलाने के लिए नोडल एजेंसी के रूप में भारतीय कपास निगम (सीसीआई) को नामित किया है। फसल वर्ष 2018-19 के दौरान, सीसीआई ने ओडिशा राज्य में एमएसपी के अंतर्गत बीज कपास की 0.25 लाख गांठों की खरीद की है।

*****